**Need to stop discharge of industrial effluents and sewage water in Bandi, Jojari and Luni rivers in Rajasthan-Laid**

श्री हनुमान बेनीवाल **(नागौर) :** मैं वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री जी का ध्यान राजस्थान के पाली, जोधपुर व बालोतरा जिले में फैक्ट्रियों के केमिकल युक्त जल व सीवरेज के दूषित पानी को बांडी, जोजरी व लूणी नदी में प्रवाहित करने से दर्जनों गांवो में बंजर हो रही कृषि भूमि, मानव तथा पशुधन के स्वास्थ्य पर पड़ रहे विपरीत प्रभाव की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए अवगत करवाना चाहता हूँ कि स्थानीय शासन- प्रशासन से लेकर राज्य के प्रदूषण बोर्ड तक यह मामला संज्ञान में होने तथा एनजीटी के निर्देशों के बावजूद कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है । कपड़ो सहित अन्य फैक्ट्रियो के केमिकल युक्त जल को इन नदियों में प्रवाहित करने से आस-पास रहने वाली आबादी को बदबू व बीमारी के मध्य रहना पड़ रहा है । मेरा निवेदन है कि तत्काल केंद्र की विशेष टीम भेजकर वस्तुस्थिति की सही जानकारी तलब की जाये तथा नदियों को दूषित करने वाली फैक्ट्रियों को सीज किया जाये और एक ठोस कार्य योजना बनाई जाये ताकि नदियों में किसी भी प्रकार का केमिकल युक्त जल प्रवाह नहीं हो ताकि कृषि भूमि के साथ यहाँ रहने वाले लाखो लोगों के जीवन का संरक्षण हो सके और राजस्थान की इन महत्पूर्ण नदियों का अस्तित्व बचा रहे ।

________